Date – 21th January 2023

News Paper Name – Punjab Kesari

स्वीकार्यता बढ़ने के बाद आधार कार्ड का बढ़ा दायरा

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) : भारतीय विशिष्ट पहचान आधार कार्ड की वैश्विक स्वीकार्यता बढ़ने के बाद इसका दायरा बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। डेटा सुरक्षा को और बढ़ाने और इस दिशा में अहम भूमिका निभाने के लिए इसे अब पांच अन्य प्रमुख क्षेत्रों में विस्तार करने पर विचार-विमर्श किया गया और काम करने का निर्णय लिया है।

गुजरात के केवडिया में आयोजित एक दिवसीय विचार-मंथन सत्र में इन पांच फोकस क्षेत्रों पर विचार-विमर्श किया गया। यूआईडीएआई के सीईओ डॉ. सौरभ गर्ग ने कहा कि प्राधिकरण ईज ऑफ लिविंग और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस दोनों के लिए आधार के उपयोग को बढ़ाने के तरीकों की संभावना तलाशने पर लगातार काम कर रहा है।

गुड गवर्नेंस के लिए आधार कार्ड एक सशक्त माध्यम

गुड गवर्नेंस के लिए आधार कार्ड एक सशक्त माध्यम के रूप में उभरा है। सेवा प्रदान करना आसान हुआ है और इसकी हर जगह स्वीकार्यता भी बढ़ी है। 2010 में पहली आधार कार्ड बनने के बाद से, यूआईडीएआई ने 135 करोड़ से अधिक आधार जारी किया है और इससे अब तक 8,800 करोड़ से अधिक प्रमाणीकरण लेनदेन किए गए हैं। यह दर्शाता है कि यह लोगों के जीवन को कैसे प्रभावित कर रहा है। यूआईडीएआई ने 2010 के बाद से 71 करोड़ से अधिक आधार अपडेट किए गए हैं।

नागरिकों को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए ई-केवाईसी अपनाने से लेकर ऑफ़लाइन सत्यापन को लोकप्रिय बनाने तक आधार बहुत उपयोगी साबित हो रहा है।